तर्ज़ - जहाँ डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती ....

युगपुरूष शहनशाह ने जिसको,अपने हाथों से सजाया
ये मिशन शहनशाह वाला ...२
गुरूबचन जी और हरदेव जी ने,इसे सींचा और महकाया
ये मिशन शहनशाह वाला २

१.पेशावर में बूटासिंह जी ने जो ज्योति जलाई
घर घर पहुँचाने की आपने ज़िम्मेदारी उठाई
सतगुरु को रिझाया और संतों की सेवा कमायी
बूटा सिंह जी ने फिर आपको मिशन की दी अगवायी
लेकर संग अपने भक्तों को फिर गली गली पहुँचाया
ये मिशन शहनशाह वाला
युगपुरूष शहनशाह ......
गुरूबचन जी और हरदेव जी ने ....

२.जगतमाता बुद्धवंती जी ने
क़दम से क़दम मिलाया
प्यार दिया हर इक गुरसिख को
माँ का धर्म निभाया
निरंकारी राजमाता जींने,
भी ये मिशन फैलाया
इक जीवन में पूरा मिशन ये जैसे आन समाया
है तप और त्याग का मिशन रूहानी
ज्ञान का है सरमाया
ये मिशन शहंशाह ....
युगपुरूष शहनशाह .....
गुरूबचन जी और हरदेव जी ने ....

३.सतगुरु होकरकेफिर से गुरुसिखी को अपनाया
अपने जीवन से हमको
गुरूमत का पाठ पढ़ाया
रच करके अवतार वाणी
भक्ति को सरल बनाया
निराकार सतगुरु सत्संग का मर्म हमें समझाया
प्यार का और सत्कार का है ये न्यारा नगर बसाया ये मिशन ....
युगपुरूष शहनशाह ने ...
गुरूबचन जी और हरदेव जी ने ....

४.सतगुरु माता सुदीक्षा जी
इस मिशन के हैं रखवाले
पल पल साथ हमारे हैं ये पल पल हमें संभाले
छोड़ के मनमत आओ अब हम
हो जायें इनके हवाले
हम सब इन की छाया में

सारी ख़ुशियाँ पा लें
सत्वचन जो कर पाया दिलवर
उसने ही तो है पाया
ये मिशन शहनशाह वाला
ये मिशन शहनशाह वाला
युगपुरूष शहंशाह ......
गुरूबचन जी और ....